पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 1 जून 2019

जेवर एयरपोर्ट : नोएडा इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड ने निकाला टेंडर

2023 से शुरू होगी उड़ान, बिडिंग द्वारा होगा कंपनी का चयन, भविष्य में छह रनवे का होगा जेवर एयरपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यूपी कैबिनेट से हरी झंडी मिलने के बाद बृहस्पतिवार को नोएडा इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड (नायल) द्वारा अपनी साइट नायलजेवर डॉट कॉम एवं टिवटर एकाउंट ऐट द रेट नायलजेवर की लांचिंग के साथ ही एयरपोर्ट के लिए कंपनी का टेंडर भी निकाल दिया गया।

हेक्टेयर भूमि पर बनने वाले जेवर एयरपोर्ट के लिए छह महीने के भीतर कंपनी का चयन कर लिया जाएगा। अगर निर्माण कार्य सही समय से शुरू हो गया तो वर्ष 2023 में यहां से उड़ान सेवा शुरू हो जाएगी। प्राधिकरण ने दावा किया है कि चतुर्थ चरण तक 70 मिलियन पैसेंजर ट्रैफि क की क्षमता होगी, इससे इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोड काफी हद तक कम हो जायेगा।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि जेवर हवाई अड्डे के निर्माण के बाद एनसीआर को दो इंटरनेशनल एयरपोर्ट मिल जाएंगे। इससे दस करोड़ यात्रियों का बोझ ढो रहे आईजीआईए को राहत मिल जाएगी। जेवर एयरपोर्ट की बदौलत एनसीआर सहित कम से कम 10 शहरों का अवागमन आसान हो जाएगा। इनमें मेरठ, अमरोहा, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, फि रोजाबाद, आगरा वगैरह शामिल हैं। सरकार की अनुमति के बाद नायल ने तैयारी और तेज कर दी है। पीपीपी मॉडल पर बनने वाले इस एयरपोर्ट के लिए कंपनी का चयन करते समय 80 प्रतिशत जमीन पर कब्जा जरूरी है। इस लिहाज से अब किसानों के मुआवजा वितरण में भी तेजी आएगी। अनुमति मिलने के बाद मंगलवार को डीएम बीएन सिंह ने एयरपोर्ट के कामों को लेकर समीक्षा बैठक भी कर ली। साथ ही किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा देने के लिए कहा है। मुआवजा देते ही जमीन पर कब्जा लेना शुरू हो जाएगा।

सीईओ ने बताया कि नोएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए विडर का चयर सिंगल स्टेज बिड प्रॉसेस के तहत किया जायेगा। इससे फायदा यह होगा कि एक बार बिड फाइनल होने पर कोई व्यवधान उत्पन्न होने की कोई संभावना नहीं होगी। उन्होंने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण हेतु एसपीवी में नियाल के पास वीटो पावर होगी।

उड़ान के साथ ही दौड़ पड़ेगी मेट्रो

प्राधिकरण सीईओ ने बताया कि एयरपोर्ट का काम पूरा होने तक मेट्रो का काम भी पूरा कर लिया जायेगा। संभावना है कि एयरपोर्ट पर उड़ान शुरू होने के साथ ही मेट्रो को भी जेवर से जोड़ने का काम पूरा कर लिया जाये। जेवर मेट्रो को एक्वा लाइन मेट्रो के नॉलेज पार्क-2 से जोड़ा जाएगा। इससे आईजीआई, दिल्ली व अन्य शहरों की मेट्रो जुड़ेगी। डीपीआर के मुताबिक जेवर एयरपोर्ट एक्वा लाइन के नॉलेज पार्क टू स्टेशन से जुड़ेगी। नॉलेज पार्क टू से नंगला हुकुमसिंह गांव तक एलिवेटेड और वहां से एयरपोर्ट टर्मिनल तक भूमिगत होगी। इस रूट पर 25 स्टेशन होंगे। दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल के न्यू अशोक नगर स्टेशन से जेवर की लाइन को जोड़ा जाएगा। इसकी फि जबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए राइट्स एजेंसी को काम दिया गया है। जल्द ही यह रिपोर्ट आने की उम्मीद है।

पायनियर
...से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.
...रा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.
...इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई
...न या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूर...